# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia



पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 10223 / 2026 दिनांकः 22 जुलाई, 2026

सेवा में,

**01. निदेशक शैक्षणिक, विश्वविद्यालय, परिसर।**

**02. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक,**
**समस्त महाविद्यालय,**
**सम्बद्ध जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,**
**बलिया।**

**विषयः–गोल्ड मेडल प्राप्तकर्त्ता एवं टॉप–10 की सूची में अंकित छात्र / छात्राओं को दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित कराने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया जैसा कि आप अवगत ही हैं कि दिनांकः 29 जुलाई, 2026 को विश्वविद्यालय का अष्टम् दीक्षान्त समारोह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित है। तत्क्रम में सूच्य है कि दीक्षान्त समारोह में भाग लेने वाले, विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के गोल्ड मेडल प्राप्तकर्त्ता एवं टॉप–10 छात्र / छात्राओं की अन्तिम सूची विश्वविद्यालय के **पत्र संख्याः जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 10191 / 2026, दिनांकः 17 जुलाई, 2026** द्वारा प्रकाशित की जा चुकी है।

अतः आप सभी से अनुरोध है कि विश्वविद्यालय के उपरोक्त पत्र के साथ संलग्न सूची में उल्लिखित छात्र / छात्राओं को अपने स्तर से संसूचित करने का कष्ट करें कि वे दीक्षान्त समारोह में भाग लेने से पूर्व **दिनांकः 26 एवं 27 जुलाई, 2026** को **विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में अपनी उपाधि तथा उत्तरीय एवं पगडी प्राप्त करने हेतु निर्धारित शुल्क (काशन मनी) रु0–350 / –, एक फोटो, अन्तिम वर्ष / सेमेस्टर के अंकपत्र एवं आधार कार्ड** की छायाप्रति के साथ उपस्थित हों। दीक्षान्त समारोह के उपरान्त **उत्तरीय एवं पगड़ी वापस करने पर रु0–250 / –** वापस कर दिया जायेगा।

यह भी सुनिश्चित करने का कष्ट करें कि उक्त सूची में अंकित, विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के स्वर्ण पदक प्राप्तकर्त्ता **छात्र / छात्राएँ दिनांकः 28 जुलाई, 2026** को विश्वविद्यालय परिसर में दीक्षान्त समारोह **पूर्वाभ्यास में अपराह्न 11:00 बजे** तथा **दिनांकः 29 जुलाई, 2026** को दीक्षान्त समारोह से एक घण्टा पूर्व अपना स्थान ग्रहण कर लें। छात्र / छात्राएँ अपने साथ कोई सामान(हेलमेट, हथियार, फोन, कैमरा आदि) न लायें।

**भवदीय**

**(एस0एल0 पाल)**
**कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

**01. माननीय कुलपति जी।**
**02. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय।**
**03. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं कालेज लाग–इन पर अपलोड करने हेतु।**
**04. सम्बन्धित पत्रावली।**

**कुलसचिव**


पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया, उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.in E-mail :- jncuballia@gmail.com